**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**02.03.2026** **11:00 बजे**

## मुख्यमंत्री

प्रदेश से राज्यसभा की एक सीट के लिए 16 मार्च को होने वाले चुनाव को लेकर सत्ताधारी कांग्रेस ने उम्मीदवार चयन की प्रक्रिया तेज कर दी है। गौरतलब है कि इसी क्रम में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू दिल्ली पहुंचकर पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर संभावित प्रत्याशियों के नाम पर चर्चा कर रहे हैं। हालांकि इस संबंध में पार्टी हाईकमान के साथ आज एक अहम बैठक भी होनी है। प्रदेश से राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी का कार्यकाल 9 अप्रैल को समाप्त हो रहा है जिसके चलते ये सीट खाली होगी। चुनाव की अधिसूचना जारी हो चुकी है और नामांकन दाखिल करने की आखिरी तिथि 5 मार्च निर्धारित है। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि एक या दो दिन के भीतर कांग्रेस अपने उम्मीदवार के नाम की औपचारिक घोषणा कर सकती है।

## युवा संसद

भारत सरकार युवा मामले व खेल मंत्रालय के मेरा युवा भारत द्वारा की ओर से आज सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में युवा संसद का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में शिमला संसदीय क्षेत्र से सांसद सुरेश कश्यप विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय परंपराओं व राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ना है। इस दौरान युवाओं को केंद्र सरकार की मुख्य योजनाओं से अवगत करवाया जाएगा।

## जनऔषधि सप्ताह

किफायती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से शुरू किया गया जनऔषधि सप्ताह 2026, बीते कल देशभर में स्वास्थ्य जांच शिविरों के साथ शुरू हुआ। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने बताया कि सप्ताह भर चलने वाला यह उत्सव 8वें जनऔषधि दिवस तक चलेगा। मंत्रालय ने बताया है कि इस कार्यक्रम के तहत, औषधि विभाग द्वारा इस महीने की 5 तारीख तक देशभर में 2 सौ 50 से अधिक स्थानों पर स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम के पहले दिन, देशभर में लगभग 50 स्थानों परस्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में सामान्य स्वास्थ्य जांच और अन्य सेवाएं प्रदान की गईं, जिनमें मुफ्त रक्त परीक्षण, रक्तचाप और थायरॉइड परीक्षण शामिल हैं। शिविरों में जनऔषधि की दवाओं का मुफ्त वितरण भी किया गया। कई केंद्रों पर फिजियोथेरेपी परामर्श, नेत्रजांच और बाल स्वास्थ्य संबंधी पहल जैसी अतिरिक्त सेवाएं भी आयोजित की गईं। प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना के तहत, देश भर में 18 हजार से अधिक जन औषधि केंद्र संचालित हो रहे हैं। सरकार ने 2027 तक इस नेटवर्क को 25 हजार केंद्रों तक विस्तारितकरने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है, जिससे किफायती और गुणवत्तापूर्णदवाओं की अंतिम छोर तक पहुंच को मजबूत किया जा सके।

## पंचायतें

पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा है कि प्रदेश में 84 और नई पंचायतों का गठन किया जाना है, जिसके लिए आपत्तियां और सुझाव मांगे गए हैं। राज्य सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी है। तीन दिन के भीतर लोगों से आपत्तियां और सुझाव मांगे गए हैं। पंचायती राज विभाग से संबंधित जिला के उपायुक्तों और विकास खंड अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं कि प्रस्तावित पंचायतों की सीमाओं और नामों को लेकर स्थानीय स्तर पर राय ली जाएं। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि बढ़ती आबादी भौगोलिक परिस्थितियों और प्रशासनिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकार ने नए पंचायतें बनाने का फैसला लिया है।

## जनगणना

भारत की आगामी जनगणना वर्ष 2027 में होने जा रही है जो पूर्णतः पहली डिजिटल जनगणना होगी। ये कार्य डाटा संग्रह मोबाइल ऐप व वैब पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा जिससे प्रकिया अधिक पारदर्शी व त्वरित बनेगी। आगामी जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना को लेकर जिला शिमला में इन दिनों प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

## जीएसटी/संग्रह

इस वर्ष फरवरी में वस्तु और सेवाकर यानी जीएसटी संग्रह एक लाख 83 हजार करोड़ रूपये से अधिक रहा है। इसी महीने केन्द्रीय जीएसटी संग्रह 37 हजार चार सौ 73 करोड़ रूपये और राज्य जीएसटी संग्रह 45 हजार 9 सौ करोड रूपये रहा। एकीकृत जीएसटी संग्रह एक लाख करोड़ रूपये से अधिक था।